आप आए हमारे आँगन में स्वागतम स्वागतम मेरे प्रियतम

आप आए हमारे आँगन में,
स्वागतम स्वागतम मेरे प्रियतम,
जो खुशी है बयाँ करुँ कैसे,
जो खुशी है बयाँ करुँ कैसे,
भाव पुष्पांजलि करुँ अर्पण,
आप आए हमारे आंगन में,
स्वागतम स्वागतम मेरे प्रियतम।bd।

तर्ज – ऐसा क्या काम किया मैंने तेरा।

फूल राहों में जो सजाए है,
मन की बगिया से हमने लाए है,
आप आए तो यूँ लगा जैसे,
चाँद तारे जमीं पे आए है,
वक़्त भी आज जैसे थम सा गया,
आपके आने से मेरे प्रियतम,
आप आए हमारे आंगन में,
स्वागतम स्वागतम मेरे प्रियतम।bd।

आपके नाम जिन्दगी अपनी,
आपके नाम हर खुशी अपनी,
आपकी मुस्कुराहटों पर मैं,
वार दूँ सारी जिन्दगी अपनी,
आरती आपकी उतारूँ मैं,
और दिल आपका करे वंदन,
आप आए हमारे आंगन में,
स्वागतम स्वागतम मेरे प्रियतम।bd।

आप आए हमारे आँगन में,
स्वागतम स्वागतम मेरे प्रियतम,
जो खुशी है बयाँ करुँ कैसे,
जो खुशी है बयाँ करुँ कैसे,
भाव पुष्पांजलि करुँ अर्पण,
आप आए हमारे आंगन में,
स्वागतम स्वागतम मेरे प्रियतम।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

https://youtu.be/3xdhNtvldL0

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com